भारत सरकार
पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय
एकीकृत क्षेत्रीय कार्यालय, देहरादून
25 सुभाष रोड, देहरादून–248001
दूरभाषः 0135–2650809
फैक्स–0135–2653010
ईमेल- moef.ddn@gov.in

सत्यमेव जयते

GOVERNMENT OF INDIA
MINISTRY OF ENVIRONMENT, FOREST & CLIMATE CHANGE
INTEGRATED REGIONAL OFFICE, DEHRADUN
25 SUBHASH ROAD, DEHRADUN-248001
PHONE- 0135-2650809
FAX- 0135-2653010
Email- moef.ddn@gov.in

फाईल संख्या 8बी./यू.सी.पी./06/284/2015/एफ0 सी0/1872 दिनांकः 12/01/2023

सेवा में,

अपर प्रमुख वन संरक्षक एवं नोडल अधिकारी
वन संरक्षण, इन्दिरानगर फॉरेस्ट कालोनी,
उत्तराखण्ड, देहरादून।

विषयः– जनपद–बागेश्वर में व्हीलकुलवान स्योकुणा ग्वालदम नाम लिंग मोटर मार्ग के निर्माण हेतु 2.3 हे0 वन भूमि का गैर वानिकी कार्यों हेतु लोक निर्माण विभाग को प्रत्यावर्तन। (Online No. FP/UK/Road/12810/2015)

सन्दर्भः– अपर प्रमुख वन संरक्षक एवं नोडल अधिकारी, वन संरक्षण, उत्तराखण्ड का पत्रांक –1579/**FP/UK/Road/12810/2015** दिनांक **30-12-2022**

महोदय,

उपरोक्त विषय पर संदर्भित पत्र का आशय ग्रहण करते हुए मुझे आपको यह सूचित करने का निर्देश हुआ है कि प्रस्ताव में पूर्व में इस कार्यालय के समसंख्यक पत्र दिनांक 29.06.2021 द्वारा राज्य सरकार से कुछ सूचनायें चाही गई थी जिसमें उल्लेखित बिन्दु सं0 02 के प्रतिउत्तर में राज्य सरकार द्वारा जो उत्तर प्रेषित किया गया है, वह संतोषजनक नहीं पाया गया है। अतः प्रस्ताव को आगामी **एफ0आर0सी0एम0 की बैठक में** निम्न बिन्दु पर प्रतिउत्तर प्राप्त होने के उपरांत रखा जाना सुनिश्चित किया गया है (दिनांक एवं समय की जानकारी अलग से प्रेषित की जायेगी)।

1. राज्य सरकार द्वार अभी तक विस्तृत reclamation plan इस कार्यालय में प्रेषित नहीं किया गया है। अतः राज्य सरकार से अनुरोध है कि वह विस्तृत reclamation plan इस कार्यालय में प्रेषित करने का कष्ट करें।
2. मार्ग के संरेखण का विश्लेषण करने के उपरांत यह पाया गया है कि अधिकांश आबादी वर्तमान मार्ग के किनारे स्थित है तथा प्रस्तावित मार्ग के अंतिम बिंदु पर केवल कुछ ही structures दिखाई दे रहे है, इस हेतु प्रस्तावित संरेखण उचित प्रतीत नहीं होता है। अतः संबंधित डी0एफ0ओ0 से अनुरोध है कि वह प्रस्तावित स्थल का निरीक्षण कर रिपोर्ट इस कार्यालय में प्रेषित करते हुये मार्ग का उद्देश्य तथा आवश्यकता को स्पष्ट करने का कष्ट करें।
3. प्रस्तावित स्पूर्ण मार्ग वन क्षेत्र मे प्रस्तावित है जबकि गैर– वन क्षेत्र में एक अस्थायी मार्ग प्रतीत हो रहा है, जिसका ढलान बहुत कम है। यदि प्रस्तावित लाभान्वित गांवो के लिये यदि मार्ग की आवश्यकता है, तो वर्तमान अस्थायी मार्ग के साथ जोड़ा जा सकता है। अतः राज्य सरकार इसपर अपना स्पष्ट प्रतिवेदन इस कार्यालय में प्रेषित करने का कष्ट करें।

भवदीय,

(डा0 योगेश गैरोला)
तकनीकी अधिकारी

प्रतिलिपि सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु :–

1. अपर मुख्य सचिव (वन), उत्तराखण्ड शासन, सुभाष रोड़, देहरादून।

(डा0 योगेश गैरोला)
तकनीकी अधिकारी